बजट पर एक झलक

कड़ी मेहनत कर रहे आस्ट्रेलियाई लोगों के लिए कम कर (टैक्स)

इस बजट में, सरकार आर्थिक बहाली में सहायता देने के लिए व्यक्तिगत आय कर राहत में अतिरिक्त 17.8 बिलियन डॉलर की राशि प्रदान कर रही है, जिसमें अगले 12 महीनों में अतिरिक्त 12.5 बिलियन डॉलर की राशि शामिल है। यह 8.1 बिलियन डॉलर की कर राहत राशि के अतिरिक्त है जिसे पहले से वैधानिक व्यक्तिगत आय कर योजना के अधीन 2020-21 आय वर्ष के लिए प्रदान किया जाएगा।

सरकार के परिवर्तनों के अधीन, व्यक्तियों को इसकी योजना के दूसरे चरण में कर कटौतियों को समय से पहले प्रदान करने से लाभ मिलेगा, तथा साथ ही 2020-21 में निम्न तथा माध्यमिक-आमदनी कर ऑफसेट से एकबारगी का अतिरिक्त लाभ मिलेगा।

आवास निर्माण का समर्थन करना

नौकरियों का निर्माण करने, हमारी आर्थिकता का पुन:निर्माण करने तथा ऑस्ट्रेलिया के भविष्य को सुरक्षित करने की हमारी आर्थिक बहाली योजना के भाग के तौर पर, पहली बार घर खरीदने वाले 10,000 अतिरिक्त लोग फर्स्ट होम लोन डिपॉज़िट स्कीम को आगे बढ़ाए जाने के तहत जल्दी घर खरीद पाने में सक्षम होंगे।

नया घर खरीदने या नया घर बनवाने में सहायता देने के लिए 2020-21 में 10,000 अतिरिक्त स्थान उपलब्ध कराए जाएँगे। इससे पहली बार घर खरीदने वाले लोगों को मात्र 5 प्रतिशत डिपॉज़िट के साथ नया घर बनवाने या नवनिर्मित घर खरीदने की योग्यता मिलेगी, सरकार ऋण के लिए अधिकतम 15 प्रतिशत राशि प्रदान किए जाने की गारंटी देगी।

मूलभूत सुविधा निवेश

COVID-19 महामारी की शुरुआत से, सरकार ने अगले चार वर्षों के दौरान नई और त्वरित मूलभूत परियोजनाओं में 14 बिलियन डॉलर की अतिरिक्त राशि का निवेश करने की प्रतिबद्धता की है। ये परियोजनाएँ उनके निर्माण-कार्य के दौरान 40,000 अधिक नौकरियों का समर्थन करेंगी।

यह निवेश सरकार की रिकॉर्ड कायम करने वाली 10-वर्षीय परिवहन मूलभूत सुविधा निवेश योजना का भाग है, जिसे 110 बिलियन डॉलर की राशि तक विस्तृत किया गया है तथा यह पहले से ही पूरे देश में कार्यस्थल पर 1,00,000 नौकरियों का समर्थन कर रही है।

व्यापार और निवेश का समर्थन करना

नए निवेश का समर्थन करने तथा व्यापारिक नकद प्रवाह को बढ़ाने के लिए, सरकार अस्थायी कर प्रोत्साहन प्रदान कर रही है, जो कि करीब 3.5 मिलियन व्यापारों (99 प्रतिशत से अधिक व्यापारों) के लिए उपलब्ध होगा जो करीब 11.5 मिलियन कर्मचारियों को रोज़गार देते हैं। प्रोत्साहन करीब 200 बिलियन डॉलर कीमत के निवेश पर लागू होगा, जिसमें गैर-खनन व्यापारों द्वारा मूल्यहीन संपत्तियों में निवेश का 80 प्रतिशत भाग शामिल है। 6 अक्तूबर 2020 को शाम 7.30 बजे (AEDT) से लेकर 30 जून 2022 तक, जिन व्यापारों का टर्नओवर 5 बिलियन डॉलर तक का है, वे किसी भी कीमत के पात्र मूल्यहीन संपत्तियों की उस वर्ष में पूरी लागत की कटौती करने में सक्षम होंगे जिस वर्ष उन्हें इंस्टॉल किया गया है। इस अवधि के दौरान निर्मित मौजूदा मूल्यहीन संपत्तियों में सुधार करने के खर्च में भी पूरी तरह से कटौती की जा सकती है।

जिन व्यापारों के टर्नओवर अधिकतम 5 बिलियन डॉलर तक हैं, सरकार उन्हें उन पुराने लाभों के लिए भी हानियों को ऑफसेट करने की योग्यता देंगे जिनके लिए कर का भुगतान किया जा चुका है, ताकि रिफंड उत्पन्न किया जा सके। पिछली हानि का प्रयोग करने की सुविधा करीब 1 मिलियन कम्पनियों को उपलब्ध होगी जो 8.8 मिलियन कर्मचारियों तक को रोज़गार देती हैं। 2021-22 तक हुई हानियाँ 2018-19 में या इसके बाद हुए लाभों के लिए वापिस प्रयोग की जा सकती हैं। पात्र कम्पनियाँ 2020-21 और 2021-22 टैक्स रिटर्न के लिए अपना टैक्स रिफंड जमा कराते समय टैक्स रिफंड प्राप्त करने का चयन कर सकती हैं।

डिजिटल ऑस्ट्रेलिया

COVID-19 महामारी ने ऑस्ट्रेलियाई व्यापारों और उपभोक्ताओं द्वारा डिजीटल प्रौद्योगिकी को अपनाने को शीघ्रता प्रदान की है जिससे कई व्यापारों और उपभोक्ताओं को अपने संचालनों को रूपांतरित करने तथा संकटकाल के दौरान व्यापार करना जारी रखने की योग्यता मिली है।

सरकार की डिजीटल व्यापारिक योजना पूरी आर्थिकता में नई टैक्नोलोजियों को व्यापारों और उपभोक्ताओं, दोनों द्वारा, और भी अधिक अपनाने का समर्थन करने के लिए इस गति से प्रेरणा लेगी।

NBN Co में 4.5 बिलियन डॉलर के अतिरिक्त निवेश से लाखों परिवारों और व्यापारों को अल्ट्रा-फास्ट ब्रॉडबैंड की सुविधा मिलेगी। 29.2 मिलियन डॉलर की फंडिंग 5G नेटवर्क की शुरुआत को भी तेज करेगी।

व्यापार करने में आसानी में सुधार करना

दफ्तरशाही को मिटाना (लाल फ़ीता काटना) ऑस्ट्रेलिया के लिए सरकार की आर्थिक बहाली योजना का मुख्य अंश है। यही कारण है कि सरकार व्यवसायों के लिए निवेश करना, नौकरियों का निर्माण करना, चुनौतियों का शीघ्रता से जवाब देना और अवसरों का लाभ उठाना आसान बना रही है।

इस बजट में, सरकार:

- कई प्रकार की विनियामक प्रक्रियाओं को कारगर बनाएगी और डिजिटल रूप देगी।
- उन विनियमों को कम करेगी जो अनावश्यक खर्च लागू करते हों और व्यापारिक गतिविधि में रूकावट पैदा करते हैं
- बहाली के माध्यम से लघु व्यापारों का समर्थन करेगी

जॉबमेकर हायरिंग क्रेडिट (JobMaker Hiring Credit)

सरकार का नया JobMaker Hiring Credit व्यापारों को 16 से 35 साल तक के नौकरी की तलाश करने वाले युवाओं को भर्ती करने के लिए प्रोत्साहन देकर बहाली के दौरान रोज़गार में वृद्धि को बढ़ाने में सहायता देगा। JobMaker Hiring Credit ऑस्ट्रेलिया की आर्थिक बहाली को बढ़ावा देने के लिए सरकार की JobMaker योजना का मुख्य भाग है।

यह अनुमान लगाया जाता है कि JobMaker Hiring Credit **युवा लोगों के लिए लगभग 450,000 पदों का समर्थन** करेगा और 2020-21 से लेकर 2022-23 तक इसकी लागत 4 बिलियन डॉलर होगी।

शिक्षा, कौशल और एप्रिन्टिंसशिप में निवेश

सरकार अपनी JobMaker योजना के भाग के तौर पर कौशल विकास को उच्च प्राथमिकता बना रही है। सरकार की प्रतिबद्धता लोगों को नौकरियों में प्रवेश करने में समर्थन देगी तथा यह सुनिश्चित करती है कि ऑस्ट्रेलियाई लोगों के पास भविष्य की नौकरियों के लिए उचित कौशल है।

- JobTrainer - ऑस्ट्रेलिया के कार्यबल को बढ़ा रहा है
- बहाली में मदद देने के लिए नए एप्रेन्टिसशिप
- नौकरी की तलाश करने वालों के लिए समर्थन
- नौकरी के लिए तैयार और अधिक स्नातक
- आस्ट्रेलियाई लोगों को फिर से कौशल देने और उनके कौशल को बढ़ाने के लिए छोटे कोर्स

महिलाओं के लिए आर्थिक सुरक्षा प्रदान करना

सरकार 2020 महिला आर्थिक सुरक्षा वक्तव्य प्रदान कर रही है ताकि महिलाओं की कार्यबल में सहभागिता को बढ़ाया जा सके, उनकी आमदनी के सामर्थ्य को बेहतर किया जा सके और आर्थिक स्वतंत्रता को बढ़ाया जा सके। 240.4 मिलियन डॉलर का पैकेज रोज़गार के अवसर प्रदान करेगा, माता-पिता को समर्थन देगा और कार्यक्षेत्र में महिलाओं के लिए समर्थन प्रदान करेगा।

इसमें महिलाओं के लिए नेतृत्व और विकास का समर्थन करने के लिए रोज़गार कार्यक्रम, तथा विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित (STEM), व्यापार और पुरुष प्रधान उद्योगों में अवसरों को बढ़ाना शामिल है।

विनिर्माण और अनुसंधान और विकास का समर्थन करना

COVID-19 महामारी ने सप्लाई चेन की अहम महत्ता तथा अनुकूलनीय, व्यवस्था-योग्य तथा नवप्रवर्तनशील विनिर्माण क्षमता को विशिष्ट रुप से दर्शाया है।

सरकार की 1.5 बिलियन डॉलर की आधुनिक विनिर्माण कार्यनीति ऑस्ट्रेलिया की आर्थिक बहाली का समर्थन करने की दीर्घावधि की योजना है।

सरकार अनुसंधान तथा विकास कर प्रोत्साहन के माध्यम से 2 बिलियन डॉलर का अतिरिक्त निवेश कर रही है।

ऊर्जा सुरक्षा और बाजार संशोधन

राष्ट्रीय तौर पर, दिसम्बर 2018 से घर-परिवारों के लिए बिजली की कीमतों में 4.7 प्रतिशत तक गिरावट आई है, और बिजली की थोक कीमतों में पिछले 12 महीनों में कमी हुई है। कम कीमतें बनाए रखने के लिए, सरकार प्रेषण योग्य उत्पादन क्षमता को बढ़ाने के लिए गैर-सरकारी प्रदाताओं के साथ तथा कुशल एवं एकीकृत प्रणाली सुनिश्चित करने के लिए नेशनल कैबिनेट के साथ काम करेगी।

सरकार ऑस्ट्रेलिया की बिजली, ईंधन और गैस आपूर्तियों को सुरक्षित रख रही है ताकि कीमतों को कम रखा जाएग, नई नौकरियों का निर्माण किया जाए तथा स्थानीय उद्योगों का समर्थन किया जाए।

प्रतिरोधक्षमतापूर्ण क्षेत्रों का समर्थन करना

सरकार ने क्षेत्रीय ऑस्ट्रेलिया के साथ खड़े रहना जारी रखा है, जिन्होंने बाढ़, आग, सूखे और अब COVID-19 का सामना किया है। 550 मिलियन डॉलर से अधिक की राशि के क्षेत्रीय पैकेज के माध्यम से सरकार हमारे क्षेत्रों को COVID-19 के प्रभावों से उबरने में समर्थन देगी। यह 1 बिलियन डॉलर की राशि के COVID-19 राहत और बहाली फंड के माध्यम से प्रदान किए समर्थन के अतिरिक्त है।

और अधिक सुरक्षित और प्रतिरोधक्षमतापूर्ण ऑस्ट्रेलिया

सरकार 21वीं सदी के लिए जल संबंधी मूलभूत सुविधा का निर्माण कर रही है जिससे हमारी जल सुरक्षा को बढ़ाने, क्षेत्रीय प्रतिरोधक्षमता का निर्माण करने, नौकरियाँ प्रदान करने और हमारे महत्वपूर्ण कृषि क्षेत्र का विकास करने में मदद मिल रही है। राष्ट्रीय जल मूलभूत सुविधा विकास फंड के अधीन 2 बिलियन डॉलर का निवेश ग्रिड के माध्यम से जल मूलभूत सुविधा की अगली पीढ़ी का समर्थन करेगा।

सरकार Murray-Darling सामुदायिक निवेश पैकेज में 270 मिलियन डॉलर का भी निवेश कर रही है जिससे क्षेत्रीय विकास का समर्थन करते हुए Basin के स्वास्थ्य में सुधार करने में मदद मिलेगी।

यह सुनिश्चित करने के लिए की उत्तरी ऑस्ट्रेलिया अत्यावश्यक सेवाओं का समर्थन करने के लिए मूलभूत सुविधाओं से लाभ लेना जारी रख सकता है, सरकार ने जून 2026 तक अतिरिक्त पांच सालों के लिए उत्तरी ऑस्ट्रेलिया मूलभूत सुविधा सेवा (Northern Australia Infrastructure Facility - NAIF) को आगे बढ़ाया है तथा ऋण देने के अपने मानदण्ड में भी विस्तार किया है।

हमारे पर्यावरण की रक्षा करना

सरकार हमारे समुद्रों को सुरक्षित रखने और हमारे स्वास्थ्य को बहाल करने के लिए 47.4 मिलियन डॉलर का निवेश कर रही है तथा राष्ट्रमंडल की भूमि पर रासायनिक संदूषण के खतरे को कम करने के लिए 29.1 मिलियन डॉलर की प्रतिबद्धता दे रही है।

सरकार ऑस्ट्रेलिया में रिसाइकिल की जाने वाली मूलभूत सुविधा को आधुनिक बनाने, कचरे को कम करने तथा और अधिक रिसाइकिल करने के लिए आने वाले चार सालों में 249.6 मिलियन डॉलर राशि का निवेश करेगी।

COVID-19 की रोकथाम करना, इसका पता लगाना और इसका इलाज करना

इस बजट में, सरकार कई प्रकार के स्वास्थ्य उपायों के लिए 4.9 बिलियन डॉलर की राशि का निवेश कर रही है जिससे यह सुनिश्चित होता है कि ऑस्ट्रेलियाई लोग महामारी के दौरान उनके लिए आवश्यक चिकित्सीय देखभाल और समर्थन प्राप्त करना जारी रख सकते हैं। अनुकूलनीय और मापनीय प्रतिक्रियाएँ स्वास्थ्य प्रणाली को जवाब देने में समर्थ करती हैं, जिससे सभी ऑस्ट्रेलियाई लोगों की सुरक्षा होती है।

महामारी के दौरान ऑस्ट्रेलियाई लोगों का समर्थन करना

सरकार ऑस्ट्रेलियाई लोगों को असाधारण वित्तीय सहायता प्रदान कर रही है ताकि COVID-19 महामारी के दौरान उन्हें समर्थन प्रदान किया जा सके, इस सहायता में शामिल है:

- जॉबकीपर भुगतान
- व्यक्तियों के लिए अतिरिक्त आय
- पेंशनरों और अन्य पात्र प्राप्तकर्ताओं के लिए दो अतिरिक्त आर्थिक सहायता भुगतान
- सुपरएनुएशन तक अस्थायी पहुँच

आपका भविष्य, आपका सुपर

सरकार ऑस्ट्रेलियाई लोगों के लिए उनके सुपर के उनके लिए कड़ा परिश्रम करने को लेकर प्रतिबद्ध है ताकि उनकी रिटायरमेंट बचत में बढ़ौतरी हो सके।

सरकार के *आपका भविष्य, आपका सुपर* सुधार सरकार के सुधार एजेंडे के अगले चरण हैं और इनके फलस्वरूप ऑस्ट्रेलियाई लोग अगले दशक में 17.9 बिलियन डॉलर की राशि की बचत करेंगे।

आस्ट्रेलियाई लोगों को सुरक्षित रखना

ऑस्ट्रेलिया की साइबर सुरक्षा से सम्बन्धित क्षमताएं मजबूत हैं, लेकिन जिन खतरों का हम ऑनलाइन सामना करते हैं वे बढ़ रहे हैं। COVID-19 ने विशिष्ट रूप से यह दर्शाया है कि हम ऑनलाइन तरीके से कितना जीवन गुजारते हैं और काम करते हैं। सरकार 2020 की साइबर सुरक्षा कार्यनीति प्रदान करने के लिए 201.5 मिलियन डॉलर की अतिरिक्त राशि उपलब्ध कराएगी।

सरकार 300.2 मिलियन डॉलर की राशि की प्रतिबद्धता देकर हमें सुरक्षित रखने वाले लोगों का समर्थन कर रही है ताकि अधिक पेचीदा खतरे वाले परिवेश में ऑस्ट्रेलियाई लोगों को सुरक्षित रखने की उनकी क्षमता को अधिक मज़बूत किया जा सके।

हमारे क्षेत्र का समर्थन करना

ऑस्ट्रेलिया की पेसिफिक और दक्षिणी-पूर्वी एशिया की सुस्थिरता, संपन्नता और प्रतिरोधक्षमता में गहरा और स्थायी रूचि है, जिसे पेसिफिक स्टेप-तथा अन्य प्रस्तावों में दर्शाया जाता है। सरकार हमारे क्षेत्र में बहाली सुनिश्चित कर रही है:

- पेफिसिक और दक्षिणपूर्वी एशियाई देशों में COVID-19 टीके तक पहुँच और स्वास्थ्य सुरक्षा कार्यक्रम में निवेश करना।

- पेसिफिक के लिए ऑस्ट्रेलियाई मूलभूत सुविधा वित्तीय सेवा
- COVID-19 बहाली – पेसिफिक और Timor-Leste के लिए समर्थन
- दक्षिण-पश्चिम पेसिफिक में सुरक्षात्मक मूलभूत सुविधा परियोजनाएँ प्रदान करना